दिनांक 10:12 2018

स्वच्छ भारत अभियान　　　　स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

'आयुक्त एसके सुंदरानी ने नवनिर्मित 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण'

भिलाईनगर/ आयुक्त सुंदरानी ने पेयजल आपूर्ति पर निगम के दो कर्मचारियों को आज नोटिस जारी किया है तथा पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं को देखते हुए आज नवनिर्मित 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण निगमायुक्त द्वारा किया गया।

अमृत मिशन अंतर्गत 66 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य प्रगति पर है जो कि 77 एम.एल.डी. वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के समीप स्थापित किया जा रहा है जहां चारों ओर से हरियाली बिखेरने हेतु पौधारोपण कार्य भी जारी है। निगम भिलाई द्वारा पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु 10 उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण किया जा रहा है जिसमें 3 टंकियों का निर्माण कार्य पुरैना ,डूंडेरा एवं छावनी शामिल है का कार्य अंतिम चरण में है।

6 एम.एल.डी. वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण मोरीद में किया जा रहा है। स्वच्छ वाहनी पाइप लाइन का कार्य मिशन अमृत योजना अंतर्गत किया जा रहा है जो कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से उच्चस्तरीय जलागार/ टंकी तक पानी पहुंचाने हेतु कार्य करेंगी। इसके अतिरिक्त वितरण पाइपलाइन जोकि टंकी से घरों तक पानी पहुंचाने का काम करेगी। विद्युत कार्य एवं मोटर पंप आदि के लिए अतिरिक्त एजेंसी को नियुक्त किया गया है जो विद्युत से संबंधित कार्य कर रही है।

10 टंकियों के अलावा दो अतिरिक्त उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण किया जाएगा जोकि कुरूद एवं खमरिया के लोगों को जलापूर्ति प्रदान करेगा। वर्तमान में 8 टंकियों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

12 टंकियों का निर्माण और किया जा रहा है निर्माण होने बाद नगर निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कुल 20 टंकियों से जलापूर्ति की जावेगी।

आयुक्त महोदय ने कार्य में लेटलतीफी एवं सामग्री प्रदाय के लिए एजेंसी इंडियन ह्यूम पाइप के ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई व जल कार्य से संबंधित अधिकारी /कर्मचारियों के ऊपर भी नाराजगी जताते हुए सामग्री प्रदाय कार्य एवं निर्माण कार्य में हो रही देरी को समय सीमा में एवं गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिए!

आयुक्त सुंदरानी के निरीक्षण के दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता टी.के. रणदीवे , सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, उप अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता प्रकृति जगताप व एजेंसी सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी